**FORM G**

# INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST FOR APEX STEEL PRIVATE LIMITED OPERATING IN STEEL INDUTRY AT PATNA, BIHAR

(Under sub-regulation (1) of regulation 36A of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)

| SL | RELEVANT PARTICULARS | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the corporate debtor along with PAN & CIN/ LLP No. | Apex Steel Private Limited<br>PAN: AAECA0835G<br>CIN: U27310BR1999PTC008912 |
| 2. | Address of the registered office | 106, Ashiana Towers Exhibition Road, Patna, Bihar, India,800001 |
| 3. | URL of website | Not Available |
| 4. | Details of place where majority of fixed assets are located | Fatuha Industrial Area, Plot no. C-7, Road no. 9, Patna: 800001. |
| 5. | Installed capacity of main products/ services | |
| 6. | Quantity and value of main products/ services sold in last financial year | Information not Available |
| 7. | Number of employees/ workmen | NIL* |
| 8. | Further details including last available financial statements (with schedules) of two years, lists of creditors are available at URL: | Details can be sought by emailing – cirp.apexsteel@gmail.com |
| 9. | Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at URL: | Will be shared separately with the Applicant after receiving the request through email at cirp.apexsteel@gmail.com from Resolution Applicants. |
| 10. | Last date for receipt of expression of interest | 24th December, 2023 |
| 11. | Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants | 3rd January, 2024 |
| 12. | Last date for submission of objections to provisional list | 8th January, 2024 |
| 13. | Date of issue of final list of prospective resolution applicants | 18th January, 2024 |
| 14. | Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants | 23rd January, 2024 |
| 15. | Last date for submission of resolution plans | 22nd February, 2024 |
| 16. | Process email id to submit Expression of Interest | cirp.apexsteel@gmail.com |

***As per the best available information received from the suspended Board of Directors.**

09/12/2023

Sd/-

**AJAY KUMAR AGARWAL**
Interim Resolution Professional
For Apex Steel Private Limited
Regd No.:IBBI/IPA-002/IP-N00608/2018-19/11859
Plot no. IID/31/1, Street No. 1111,
PS QUBE, Unit Number 1015A, 10th Floor
Beside City Centre 2, Kolkata-700161
AFA Valid Upto: 8th November, 2024

Place: Kolkata
Date: 09.12.2023

KUMAR AGARWAL
REGN. NO. IBBI/IPA-002 IP-N00608/ 2018-2019/ 11859
INSOLVENCY PROFESSIONAL

09/12/2023

सिर्फ हल्दी, चंदन ही नहीं
रूप मंत्रा आयुर्वेदिक क्रीम
है 12 प्राकृतिक तत्वों का मिश्रण
Clinically Tested* *For efficacy and safety.



Helpful in protection from
• Scars
• Wrinkles
• Pimples
• Dull Skin
24x7 Helpline: 87259 66666
www.roopmantra.com
New Dr. Juneja's रूप मंत्रा ®
Ayurvedic Face Cream & Face Washes


# उलार सूर्य मंदिर व गोपाल नारायण लाइब्रेरी पर्यटन स्थल से जुड़ेगा

## बोले जितेंद्र

कई मौजूद थे। **बाजार, संवाद सूत्र।** दुल्हिन बाजार के उलार में शुक्रवार को 'उलारधाम महोत्सव 2023' का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कला संस्कृति मंत्री जितेन्द्र कुमार राय, उलार सूर्य मंदिर के महंत अवध बिहारी दास और पालीगंज विधायक संदीप सौरभ ने किया। मौके पर मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने कहा कि उलार सूर्य मंदिर व गोपाल नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय जल्द ही पर्यटन स्थल से जुड़ेगा। इसके लिए सरकार की ओर से कोशिश की जा रही है। पालीगंज विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि उलार सूर्य मंदिर की महिमा अपरंपार है। यहां छठ के मौके पर देश के कोने-कोने से लोग पहुंचते हैं। उन्होंने बिहार सरकार के प्रति आभार भी प्रकट किया। कहा कि मंदिर और लोगों की आस्था को देखते हुए सरकार के कला संस्कृति विभाग की ओर से यहां पहली बार सरकारी स्तर पर उलार धाम महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। मौके पर पालीगंज डीएसपी मनोज पांडे, जिला परिषद सदस्य सर्वेश यादव, पूर्व एसडीओ मुरली प्रसाद, राम प्रवेश यादव सहित कई मौजूद थे।

**भोजपुरी गायक ने मचाया धमाल:** *इस तरह आशिकी का असर छोड़ जाऊंगा, तेरे चेहरे पर अपना असर छोड़ जाऊंगा ... , पर्दा है पर्दा, पर्दे के पीछे, पर्दा नशीं है पर्दा नशीं को बे पर्दा न कर दूं तो अकबर मेरा नाम नहीं है, मैं प्रेम प्याला पी आया...* जैसे गानों से भोजपुरी गायक शर्मा व्यास 2 ने लोगों को झूमने के मजबूर कर दिया। गांव के अधिकारी तोहे अधिकारी तोहे बड़का भैया हो, पीपा पुल लगाई दिह हो के लोग गीत पर नृत्य टीम की ओर से मनमोहक डांस प्रस्तुत किया गया। वही अईसन आपन ह बिहार, अईसन आपन ह बिहार के गीत पर पूरे बिहार के संस्कृति को दर्शाया गया। इस पारंपरिक गीत पर किया गया नृत्य काफी सराहनीय रहा। वहीं बिक्रम नवोदय विद्यालय के छात्रा के डांस ने लोगों को थिरकने को मजबूर कर दिया। साढ़े नौ बजे कार्यक्रम का समापन हो गया। आयोजन मंडल के सदस्य ने बताया कि शनिवार को भोजपुरी गायक देवी आयेंगी। और मुंबई के कलाकारों की ओर से डांस प्रस्तुत किया जाएगा।


शुक्रवार को दुल्हिनबाजार में उलार महोत्सव का उद्घाटन करते मंत्री जितेंद्र राय व अन्य।


शुक्रवार को उलार महोत्सव में गायन प्रस्तुत करते भोजपुरी गायक शर्मा व्यास-2।

# चार किमी का सफर तय करने में लग रहे पांच घंटे

## मरम्मत कार्य के कारण राजेंद्र सेतु पर वन-वे है यातायात व्यवस्था

जाम का झाम

- एम्बुलेंस के जाम में फंस जाने से रोगियाको हो रही है परेशानी
- सेतु के दोनों ओर भी पांच किलोमीटर तक हर दिन लंबा जाम

**मोकामा, संवाद सूत्र।** राजेन्द्र सेतु से गुजरने वाले वाहनों को जाम से निजात नहीं मिल रहा है। चार किलोमीटर की दूरी तय करने में पांच घंटे लग रहे हैं। जाम लगने से यात्रियों को फजीहत का सामना करना पड़ रहा है।

शुक्रवार की शाम सेतु पर भीषण जाम लग गया, जिसमें चार पहिए वाहन फंसे रहे। मोटरसाइकिल सवार भी घंटों जाम से जूझते रहे। सेतु का फुटपाथ भी पूरी तरह पैक हो गया। लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। शादी की वजह से सेतु पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। देर रात जाम की स्थिति और गहरा गई। सेतु के दोनों ओर पांच किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। खास कर नेशनल हाइवे-31 से आवागमन करने वाले वाहनों को मोकामा के राजेंद्र सेतु पार करने में घंटों समय लग रहे हैं। सेतु के दोनों छोर तक गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही। करीब चार किमी की दूरी तय करने में पांच घंटे से अधिक समय लग रहे हैं। जाम में फंसे यात्रियों का कहना है कि स्थानीय पुलिस जाम छुड़ाने में विफल है। हाथीदह थाने और चकिया ओपी की पुलिस बेपरवाह है। लोगों ने कहा कि गंभीर मरीजों को पटना ले जा रही कई एंबुलेंस घंटों से जाम में फंस रही है लेकिन पुलिस लापरवाह बनी रही। लोगों ने कहा कि सेतु पर कहीं भी पुलिस नजर नहीं आ रही है। लोगों ने कहा कि सेतु पर अक्सर जाम लग जाता है। इससे निजात पाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। खासकर गंभीर मरीजों को पटना ले जाने में काफी परेशानी होती है। शादी के समय दबाव बढ़ जाने से जाम की समस्या और गहरा जाती है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस इस जाम से निपटने के योजना पहले से बनानी चाहिए। गौरतलब है कि सेतु पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है, इस वजह से ट्रैफिक को वन-वे कर दिया है। ओवरटेक की वजह से जाम लग रहा है।


शुक्रवार की शाम सेतु पर भीषण जाम लग गया, जिसमें चार पहिए वाहन फंसे रहे।

### लग्न की वजह से इनदिनों गाड़ियों का दबाव बढ़ा

राजेंद्र सेतु के मरम्मत कार्य को लेकर पुल पर गाड़ियों का आवागमन को वन-वे कर दिया गया है। इसके अलावा शादी के कारण गाड़ियों का दबाव बढ़ जाने के कारण जाम की स्थिति बन रहती है। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती नहीं रहने से बेतरतीब तरीके से वाहन ओवरटेक करते हैं, जिससे सेतु पर आवाजाही ठप हो जाती है। जाम की मुसीबत झेलने वाले यात्रियों ने स्थानीय पुलिस के प्रति नाराजगी जताई।

## बेटे ने पैसे के लिए मां के साथ की मारपीट

**मनेर।** शुक्रवार की देर शाम गौरैया टोली मोहल्ले में पैसे की खातिर एक बेटे ने मां के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद पीड़ित महिला थाना पहुंचकर बेटे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

नगर परिषद के गौरैया टोली मोहल्ले की रहने वाला संटू कुमार पैसे के लिए अपनी मां साबित देवी के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। इसके बाद पीड़ित महिला सविता देवी घायल अवस्था में मनेर थाना पहुंचकर बेटे के खिलाफ शिकायत की है। पीड़ित महिला ने बताया कि उसका बेटा संतु हर रोज उसके साथ मारपीट और गाली गलौज करता है। शुक्रवार को पैसे अचानक मांगने लगा जिसका विरोध करने पर उसके साथ लाठी डंडे से मारपीट की। बेटे की पिटाई सुबह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लड़कियों का बना रहा था वीडियो, विरोध पर पीटा

- पिता-पुत्र समेत तीन को पीटकर जख्मी कर दिया
- पीड़ित की ओर से चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**धनरुआ, संवाद सूत्र।** एक गांव की लड़कियों का फोटो व वीडियो बनाकर वायरल करने से मना करना एक परिवार के लिए महंगा पड़ गया। वीडियो बना रहे युवक ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ पिता-पुत्र समेत तीन लोगों को पीटकर जख्मी कर दिया।

आरोप है कि इस दौरान युवक ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी भी दे डाली। इस संबंध में युवक की मां की ओर से गांव के करुणा साव के पुत्र बंटी, चन्द्रदीप साव के पुत्र भूषण साव व सिवोध साव एवं भूषण साव के पुत्र विट्टू साव एवं गोलू समेत अन्य लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। इधर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बंटी कुमार गुरुवार की शाम गांव के बाहर खड़ा होकर चोरी छिपे गांव की लड़कियों का फोटो व वीडियो अपने मोबाइल से बना रहा था। इसबीच उस रास्ते से गांव के ही एक अन्य युवक मजदूरी कर घर लौट रहा था। आरोप है कि यह देख उसने बंटी को ऐसा करने से मना किया। इसपर युवक जब इसका विरोध किया तो बंटी अपने सहयोगियों को बुलाकर उसकी पिटाई कर दी। बचाने आये पिता व एक अन्य भाई को भी पीटकर जख्मी कर दिया।

# मसौढ़ा चौकी के सात बच्चे जंगली फल खाने से बीमार

- सातों बच्चों का पीएचसी में चल रहा है इलाज
- डॉक्टर ने कहा, बच्चों को जल्द छुट्टी दे दी जाएगी

**पालीगंज।** मसौढ़ा में उस समय अफरातफरी मच गई जब एक बाद एक सात से दस आयु वर्ग के बच्चे उल्टी करने लगे। परिजनों ने अपने-अपने बच्चों को पीएचसी पालीगंज पहुंचाया। वहां सभी का इलाज चल रहा है।

बच्चों से जब पूछा गया कि वे सभी अचानक बीमार कैसे पड़े तब उन्होंने बताए कि वे सभी खेलने के दौरान खेत में उगे जंगली पौधे के बीज खाए थे। उसके बाद से ही बच्चों को उल्टी शुरू हो गयी। बीमार पड़ने वालों में मसौढा चौकी निवासी जयप्रकाश पासवान की बेटी दस वर्षीय चंदानी, श्यामबाबू की बेटी दस वर्षीय निक्की कुमारी, रामबाबू पासवान का बारह वर्षीय बेटा दीनानाथ कुमार, बेटी दस वर्षीय खुशी, नंदनी व बेटा सात वर्षीय अमन, रवीन्द्र कुमार के ग्यारह वर्षीय बेटा अमरेंद्र कुमार शामिल है। डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं। उन्होंने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि संभवतः बच्चे जंगली पौधे के बीज खाने से बीमार पड़े हों। बकौल डॉक्टर बच्चों को जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

## मसौढ़ी: नाले में गिरा सफाईकर्मी, मौत

**मसौढ़ी।** श्रीनगर मोहल्ला में शुक्रवार को नाला में गिरने से 35 वर्षीय एक सफाई मजदूर विनेश्वर मांझी की मौत हो गई। मृतक विनेश्वर सहदेव मांझी का पुत्र था। घटनावक्त विनेश्वर मांझी उस मोहल्ला में संचालित एक निजी विद्यालय में सफाई कर रहा था। सफाई बाद वह कचरा को फेंकने नाला के पास गया था। इस दौरान नियंत्रण बिगड़ने पर सफाईकर्मी नाला में गिर पड़ा।

**युवक घायल:** फतुहा। महारानी चौक के पास शुक्रवार को अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक घायल हो गया। घायल युवक को एक ई-रिक्शा चालक ने फतुहा अस्पताल पहुंचाया। उसकी पहचान सम्पतचक के जनकपुर मोड़ निवासी गोपी नट में की गई।

## पड़ोस 30 s

### अंग्रेजी शराब की 25 बोतल बरामद

**खगौल।** दानापुर रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग के दौरान आरपीएफ और सीआईबी दानापुर के सहयोग से प्लेटफार्म नंबर वन ए पूर्वी फुट ओवरब्रिज के नीचे एक लावारिस बैग बरामद किया गया। बैग की तलाशी ली गई तो अंग्रेजी शराब की 25 बोतल बरामद की गई। सहायक उप निरीक्षक ललित कुमार के आवेदन के आधार पर रेल थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### बेसहारा लोगों के बीच धोती-साड़ी वितरित

**बिक्रम ।** प्रखंड के दतियाना गांव में समाजसेवी रमुना देवी, सर्वेश्वर द्विवेदी एवं मांडवी देवी की ओर से गरीब और बेसहारा लोगों के बीच अंगवस्त्र वितरण किया मौके पर डॉ. मृत्युंजय द्विवेदी, संतोष मिश्रा, ई. रजनीश द्विवेदी, उज्जवल तिवारी, शाश्वत कुमार आदि लोग उपस्थित थे ।

### नई कृषि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर दिया जोर

**बाढ़।** स्थानीय अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज मैदान में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला सह प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ज्ञानू ने किया। मौके पर विधायक ने कृषकों से नई तकनीक का इस्तेमाल करने पर जोर दिया। मौके पर विकास कुमार, मुकेश कुमार, प्रेम शंकर, दिनेश कुमार,अनिल, सचिन, गुलशन आदि मौजूद थे ।

### बाढ़ में ट्रेन से गिरकर बीमार यात्री की मौत

**बाढ़।** बाढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-3 पर इलाज कराने जा रहे बीमारी यात्री की अप लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर मौत हो गई है। मृतक की पहचान बरौनी थाना अंतर्गत मिर्जापुर गांव निवासी सुरेंद्र दास 29 वर्ष के रूप में की गई। रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के पास दवा की पोटली बरामद की गई है । शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है ।

### युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने का अभियान तेज

**बाढ़।** अनुमंडल में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने का अभियान तेज कर दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि मोकामा विधानसभा क्षेत्र में 13259 नए मतदाताओं को अब तक जोड़ा जा चुका है, इसमें 4275 मतदाता 18 से 19 वर्ष के हैं। वहीं दूसरी तरफ बाढ़ विधानसभा क्षेत्र में 12249 मतदाता का आवेदन पत्र मिला है।

### दो आरोपितों से पुलिस ने की पूछताछ

**बाढ़।** पंडारक के अंतर्गत गोवासा शेखपुरा गांव में वर्चस्व प्रदर्शन को लेकर युवक नीतीश की गोली मारकर हुई हत्या के मामले में कोर्ट में सरेंडर करने वाले दो आरोपियों को रिमांड पर लेकर पुलिस ने पूछताछ की है। पुलिस द्वारा दोनों की अनुमंडल अस्पताल में चिकित्सीय जांच भी कराई गई है। 14 नवंबर को सांस्कृतिक समारोह के दौरान नीतीश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### महादलित टोले में चार झोपड़ियां जलकर राख

**नौबतपुर।** थाने के हेमंतचक गांव में महादलित टोले में आग लगने से चार झोपड़ियां जलकर खाक हो गयी। चार महादलित परिवार की झोपड़ियां जल गईं। चार बकरियों की भी जलकर मौत हो गयी ।

### वीडियो वायरल करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ।** नाबालिक बच्ची के साथ शारीरिक संबंध बना वीडियो वायरल करने वाले आरोपित को फुलवारीशरीफ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।


मसौढ़ी नगर परिषद की लापरवाही के कारण शहरवासी परेशानी झेलने को विवश हैं। शहर के बढ़ईटोला मोहल्ले के व्यस्त रास्ते पर बना नाले का स्लैब महीनों से खोलकर छोड़ दिया गया है, जो हादसों को दावत दे रहा है।

## लोगों को किया गया जागरूक


**खुसरुपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के तहत शुक्रवार को प्रखंड के बैकठपुर एवं सुकरबेगचक पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि अंतिम व वंचित व्यक्ति के विकास के बिना 'आत्मनिर्भर व विकसित' भारत की परिकल्पना संभव नहीं है।लोगों से आवेदन लिये गये। कार्यक्रम में बीडीओ रवि कुमार,पीएचसी प्रभारी डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, सुकरबेगचक पंचायत की मुखिया अनिता देवी, बैकठपुर पंचायत के मुखिया उचित कुमार राम,पंचायत सचिव शक्ति कुमार थे।

# अमित की हत्या के विरोध में जाम

**दानापुर,हिप्र।** शुक्रवार को अमित की हत्या करने की बात फैलते ही आक्रोशित लोगों ने दीघा में सड़क पर आगजनी कर जाम कर दिया, प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

अमित की हत्या रुपए की लेन देन में हुई या अन्य कारणों से इसकी जांच की जा रही है। लेकिन अपराधियों ने जिस अंदाज में घटना को अंजाम दिया, उससे साफ जाहिर होता है कि अपराधियों का मंसूबा उसको मारना था। अभी तक जो बातें छनकर आई हैं। उसमें दोस्त बने अपराधियों ने अमित को उसके घर से गुरुवार की सुबह नौ बजे बुलाकर ले गया और करीब एक घंटे के अंदर दस बजे के आसपास घटना को अंजाम दे दिया। सभी एक सफेद स्कार्पियो से आए थे जो मृतक के ही बताए जा रहे हैं। दानापुर पुलिस ने स्कार्पियो को बरामद कर लिया है। मृतक के दोस्त डब्लू को हिरासत में लेकर उद्भेदन करने में जुटी है। दीघा निवासी विनय राय के पुत्र अमित राय को डब्लू व अन्य दोस्तों ने गुरुवार को नौ बजे घर से बुलाकर ले गया और करीब एक घंटे बाद दस बजे के आसपास उसकी हत्या गोली मारकर हत्या कर दी। शाम तक घर नहीं आने से परेशान पत्नी रूबी देवी ने गुरुवार को शाम में दीघा थाने में लिखित शिकायत करते हुए पति अमित के दोस्त डब्लू पर संदेह जाहिर की थी। छानबीन में जुटी पुलिस ने मृतक के दोस्त डब्लू को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें परत दर परत सारी घटनाएं खुलती चली गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए उक्त स्कार्पियो को बरामद कर लिया। ब्इस संबंध में दानापुर पुलिस अभी कुछ भी कहने से बच रही है।


अमित का फाइल फोटो।

# पुनपुन में अवैध रूप से बिजली जलाते छह लोग पकड़ाये, 46 हजार का लगा जुर्माना

**पुनपुन।** पुनपुन बिजली आपूर्ति के सहायक अभियंता चन्द्रमणि कुमार निराला के नेतृत्व में शुक्रवार को पुनपुन प्रखंड के अलावलपुर गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की गयी, जहां अवैध रूप से बिजली का उपभोग करते छह लोग पकड़े गये। टीम ने सभी के खिलाफ दो लाख 46 हजार 673 रुपये का जुर्माना ठोकते हुए इन सभी के विरुद्ध सहायक अभियंता की ओर से पुनपुन थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है।

# ग्रामीण कार्य विभाग: निम्नवर्गीय पदों को सीधी भर्ती से भरा जाएगा

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग में 2261 नए पदों पर बहाली होगी। विभाग में निम्नवर्गीय लिपिक की संख्या अभी 494 है। इसमें 425 की वृद्धि करते हुए 919 कर दी गई है। शोध सहायक 26 के बदले 128 होंगे। प्रयोगशाला सहायक के 42, अमीन की संख्या में 99 की वृद्धि की गई है।

पथ कार्य प्रभारी का नया पद सृजन किया गया है। इसके तहत 1069 पथ कार्य प्रभारी की बहाली होगी। इसी तरह परिचारी के पद में 382 की वृद्धि की गई है। सृजित पदों में निम्नवर्गीय पदों को सीधी भर्ती से भरा जाएगा। जबकि सहायक अभियंता से ऊपर वाले पदों को प्रोमोशन से भरा जा सकता है। कुछ पदों को संविदा से भी भरने की योजना है। उल्लेखनीय है कि बिहार में एक लाख 11 हजार 626 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें हैं। मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना, ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इन सड़कों का समय-समय पर निर्माण व मरम्मत होती है। ग्रामीण सड़कों के निर्माण व मरम्मत के दौरान गुणवत्ता को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। हालांकि विभाग में अभी निगरानी की पूरी प्रक्रिया है लेकिन फिर भी कहीं न कहीं चूक हो जा रही है, जिस कारण ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहते हैं। इसलिए हर प्रमंडल में गुणवत्ता कोषांग के तहत इंजीनियरों को तैनात किया जाएगा, जो सड़कों के निर्माण या मरम्मत की निगरानी करेंगे इस निगरानी को टीयर टू का दर्जा दिया गया है।


**विज्ञापन संख्या. 62/2023**

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड

**ऑयल इंडिया लिमिटेड (ऑयल)**
में
**निदेशक (प्रचालन)**

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता हैं।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
**01/01/2024** हैं।

नोडल अधिकारियों द्वारा आवदेनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
**10/01/2024** हैं।

**जानकारी के लिए वेबसाइट**
**http://www.pesbnew.nic.in**
**में लॉग इन करे ।**

प्रपत्र जी
**एपेक्स स्टील प्राइवेट लिमिटेड जो पटना, बिहार में स्टील उद्योग में कारोबार कर रहा है के लिए रूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला संकल्प प्रक्रिया) विनियमों, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम (1) के अधीन)

| क्र. सं. | संबधित विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम साथ में पैन एवं सीआईएन/एलएलपी नं. | एपेक्स स्टील प्राइवेट लिमिटेड<br>पैनः AAECA0835G<br>सीआईएनः U27310BR1999PTC008912 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 106, आशियाना टॉवर्स एग्जीबिशन रोड, पटना, बिहार, भारत, 800001 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | उपलब्ध नहीं |
| 4. | स्थान का विवरण जहाँ अधिकांश अचल आस्तियां स्थित हैं | फतुहा इंडस्ट्रियल एरिया, प्लॉट नं. सी-7, रोड नं. 9, पटनाः 800001 |
| 5. | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा व लागत | जानकारी उपलब्ध नहीं |
| 7. | कर्मचारियों/कामगारों की संख्या | नगण्य* |
| 8. | अन्य विवरण जिसमें दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूचियां, यूआरएल में उपलब्ध हैं: | विवरण को ई-मेल करके मांगा जा सकता है- cirp.apexsteel@gmail.com |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के अधीन संकल्प आवेदकों के लिए पात्रता यूआरएल में उपलब्ध है: | संकल्प आवेदकों से cirp.apexsteel@gmail.com पर ईमेल के माध्यम से अनुरोध प्राप्ति के बाद आवेदक के साथ अलग से साझा किया जाएगा। |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 24 दिसम्बर, 2023 |
| 11. | सम्भावी संकल्प आवेदकों की अस्थाई सूची के निर्गमन की तिथि | 03 जनवरी, 2024 |
| 12. | अस्थाई सूची की आपत्तियों की प्रस्तुति हेतु अंतिम तिथि | 08 जनवरी, 2024 |
| 13. | सम्भावी संकल्प आवेदकों की अंतिम सूची के निर्गमन की तिथि | 18 जनवरी, 2024 |
| 14. | सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स के निर्गमन तथा सम्भावी संकल्प आवेदकों की संकल्प योजनाओं हेतु अनुरोध की तिथि | 23 जनवरी, 2024 |
| 15. | संकल्प योजनाओं की प्रस्तुति हेतु अंतिम तिथि | 22 जनवरी, 2024 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुति हेतु प्रक्रिया ई-मेल आईडी | cirp.apexsteel@gmail.com |

*निलम्बित निदेशक मंडल से प्राप्त की गई उचित उपलब्ध जानकारी के अनुसार।

हस्ता./-
**अजय कुमार अग्रवाल**
अंतरिम संकल्प पेशेवर
कृते एपेक्स स्टील प्राइवेट लिमिटेड
स्थानः कोलकाता
दिनांकः 09.12.2023
रजि. नं.: IBBI/IPA-002/IP-N00608/2018-19/11859
प्लॉट नं. IID/31/1, स्ट्रीट नं. 1111,
पीएस क्यूयूबीई, यूनिट नम्बर 1015ए, 10वां तल, बगल में सिटी सेंटर 2, कोलकाता-700161
एएफएः 8 नवम्बर, 2024 तक वैध

**बिहार लोक सेवा आयोग**
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना-800001

**आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-65/2020 कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार के अन्तर्गत सहायक संग्रहालयाध्यक्ष/शोध एवं प्रकाशन पदाधिकारी/सहायक निदेशक (बिहार संग्रहालय सेवा) के रिक्त 12 (बारह) पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व से निर्धारित ऑनलाइन आवेदन की तिथि-09.12.2023 के स्थान पर दिनांक-12.12.2023 से प्रारंभ की जायेगी एवं Edit करने हेतु लिंक दिनांक 12.12.2023 से उपलब्ध रहेगा।
विज्ञापन में अंकित ऑनलाइन आवेदन से संबंधित शेष तिथि यथावत रहेंगी।

**परीक्षा नियंत्रक,**
**बिहार लोक सेवा आयोग, पटना**

**UTTARAKHAND CIVIL AVIATION DEVELOPMENT AUTHORITY**
Doon Helidrome Dehradun, Sahastradhara Road, P.O Kulhan, Pincode 248013 Tel. 0135 2608981

Notice No.- 9780/UCADA/2023 **TENDER NOTICE** Date: 08 Dec., 2023

Uttarakhand Civil Aviation Development Authority (UCADA), Govt. of Uttarakhand is Operating and Maintaining its own EC135P2 Helicopter MSN-0294, VT-UAA under its own DGCA issued "CAR145 Approval of Maintenance Organization" at Jollygrant Airport, Dehradun. We are inviting tender for 01 year duration from CAR145 Approved Maintenance Organization by DGCA for providing engineering support and type rated AMEs' in Cat.-B1/B2/C for maintenance and certification of own EC135P2 Helicopter MSN-0294, VT-UAA as and when required basis, under our Quality Control System. This may also be seen on Uttarakhand procurement website **www.uktenders.gov.in**. The detailed tender schedule is as follows:

| | |
|---|---|
| Date of Downloading of Tender: | 09/12/2023 Time: 10:00 hrs |
| Pre- bid meeting: | 15/12/2023 Time: 11:30 hrs |
| Last date for seeking clarification: | 15/12/2023 Time: 11:30 hrs |
| Start date for submission of bid: | 09/12/2023 Time: 10:00 hrs |
| Last Date for submission of Tender: | 23/12/2023 Time: 15:00 hrs |
| Last Date for submission of documents physically at UCADA: | 23/12/2023 Time: 17:00 hrs |
| Opening of Technical Bid: | 23/12/2023 Time: 17:00 hrs |

Opening of Financial Bid will be intimated by e-mail to the technically qualified bidders.
For more details, please visit **www.uktenders.gov.in** / official website **www.ucada.in** / Uttarakhand Civil Aviation Development Authority, Doon Helidrome, Mussoorie bypass P.O.- Kulhan, Dehradun, Uttarakhand-248013.
**CEO, UCADA**

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

**भर्ती सूचना**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भा.रा.रा.प्रा.) निम्नलिखित पद के लिए भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:–

| पद का नाम | पद की संख्या | भर्ती की प्रक्रिया |
|---|---|---|
| मुख्य महाप्रबंधक (यूटिलिटी शिफ्टिंग) | 01 | प्रतिनियुक्ति द्वारा खोज–सह–चयन समिति के माध्यम से चयन |

2. भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट **(www.nhai.gov.in)** पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन में दी गई प्रक्रिया के अनुसार आवेदक दिनांक **08.01.2024 (सायं 6:00 बजे तक)** ऑनलाइन आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें।
3. पे लेवल, आयु सीमा, योग्यता मानदंड, अन्य शर्तों आदि से संबंधित विस्तृत विवरण भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।
4. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/अनुशेष/निरस्तीकरण, यदि कोई होगा तो, उसे केवल भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

*सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी*

# India Tourism Development Corporation Ltd.

(A Government of India Undertaking)
Registered Office: SCOPE Complex, Core-8, 6th Floor, 7 Lodhi Road, New Delhi-110003
Email: vkjain@itdc.co.in, Website: www.itdc.co.in CIN: L74899DL1965GOI004363

**Notice**

**Transfer of Equity Shares of the Company to Investor Education and Protection Fund**

Notice is hereby given that pursuant to the provisions of Section 124 of the Companies Act, 2013 and the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 as amended (the "Rules"), the equity shares of the Company in respect of which dividend has not been paid or claimed by the shareholders for seven (7) consecutive years or more are required to be transferred by the Company to the demat account of the Investor Education and Protection Fund Authority (the "Authority")

In accordance with the Rules, the company has sent individual notice/emails to all the shareholder whose shares are liable to be transferred to the IEPF Authority. The Company has uploaded complete details of such shareholder including folio number or DP ID & Client ID and number of equity shares due for transfer to the Authority on its website www.itdc.co.in under Investor's Corner section. Shareholders are requested to refer to the said website to verify the details of unpaid/unclaimed dividend and the shares liable to be transferred to the Authority.

The concerned shareholder, holding equity shares in physical form and whose shares are liable to be transferred to the authority, may note that the Company would be issuing new share certificate(s) in lieu of the original share certificate(s) for converting the said shares into demat form, after following the procedure as prescribed by the Ministry of Corporate affairs; thereafter the said shares would be transferred to the Authority. The original share certificate(s) registered in the name of shareholder(s) will stand automatically cancelled.

For the equity shares held in demat form, the Company would inform respective depository of the shareholder by way of corporate action for transfer of such shares in favour of the Authority.

In case the company does not receive any communication from the shareholders by 6th March, 2024, the Company shall with a view to comply with the requirement as set out in the Rules, transfer such shares to the IEPF Authority without any further notice. Please note that no claim shall lie against the Company in respect of the shares transferred to the Authority including all benefits accruing on such shares, if any, can be claimed back by the concerned shareholder from the Authority after following the procedure prescribed in the rules.

In case of any queries in respect of the above matter, the shareholder may contact the Registrar and Share transfer agent of the M/s KFin Technologies Private Limited, Selenium Building, Tower-B, Plot No 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad, Rangareddi, Telangana, India - 500032, Tele No.: 91-40-67161517, Email: anil.leroid@kfintech.com.

For India Tourism Development Corporation Limited
Sd/-
(VK Jain)
Company Secretary

Place: New Delhi
Date: 09.12.2023

**One stop solution for all your Travel, Tourism and Hospitality needs**

**IN THE COURT OF SH. AJAY GARG, ADJ-01, EAST, KKD, COURTS DELHI**

**P1.** Shri Praveen Kumar aged about 50 years S/o Shri Mahesh Chand Soti, Resident of village Singoli Taga, Dist: Baghpat-250101, Uttar Pradesh.
**P2.** Shri Naveen Sharma, Aged about 36 years, S/o Mahesh Chand Soti, Resident of Village Singoli Taga, dist: Baghpat-250101, Uttar Pradesh.

**VERSUS** ...**Petitioners**

**R1** STATE Through, The Chief Secretary, Players Buildings, Delhi Secretariat, GNCT of Delhi, Indraprastha, ITO, New Delhi-110002
**R2** Smt. Saroj Chandra W/o Late. Shri Ishwar Chandra, R/o 12, Gandhi Nagar, Garh Road, Meerut-250001, Uttar Pradesh.
**R3** Smt. Anju, D/o Late. Shri Ishwar Chandra, W/o Shri. Sanat Shetty, R/o 3800, West El Paso, Street broken Arrow-74012, U.S.A
**R4** Smt. Preeti Chandra, D/o Late. Ishwar Chandra, W/o Shri Sanjay Gupta, R/o Blue Barrow Ride, Ellicott City, Maryland, (M.D)-21042, U.S.A
**R5** Kumari Ritu Chandra, D/o Late. Shri. Ishwar Chandra, R/o 12, Gandhi Nagar, Garh Road, Meerut, Uttar Pradesh. ...**Respondents**

**PETITION UNDER SECTION 270 READ WITH SECTION 276 OF INDIAN SUCCESSION ACT, 1925 FOR GRANT OF PROBATE IN RESPECT OF WILL DATED 19.04.2022 IN RESPECT OF THE ESTATE BELONGING TO THE DECEASED(LATE) SHRI ISHWAR CHANDRA.**

Whereas a Petition under section 276 of the Indian Succession Act, 1925 for grant of Probate. Notice is hereby given to the general public that any person having objection for Grant of Letter of Administration/Probate Immovable Properties of the deceased **Ishwar Chandra S/o Late. Sh. Mamraj Soti R/o 12, Gandhi Nagar, Meerut, Uttar Pradesh** in respect of:-244/1 Village Mandawali, Fazalpur, School Block, New Delhi-92.

